प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हमारी नारी शक्ति ही हमारा आत्मबल है–अजय भट्ट

पंतनगर। 25 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त तत्वाधान में ''आर्थिक सशक्तिकरण हेतु उद्यमिता कौशल संवर्धन तकनीकियां'' विषय पर सात–दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में बालिका स्वावलंबन हेतु कौशल विकास को समर्पित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, माननीय श्री अजय भट्ट द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वावलंबन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में हर संभव सहायता एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की ओर से इस प्रकार के उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे न सिर्फ महिलाओं की कार्य कुशलता में वृद्धि हो वरन वे उद्यमिता के द्वारा समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने में सक्षम हो हमारी नारी शक्ति ही हमारा आत्मबल है।

कार्यक्रम में अतिथिगणों के साथ कार्यक्रम संयोजक सह प्राध्यापक, डा. छाया शुक्ला, सह संयोजक डा. सोनू रानी, डा. शेफाली मैसी, डा. दिव्या सिंह एवं महाविद्यालय के सभी सहायक अध्यापक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में केंन्द्री रक्षा राज्य मंत्री माननीय श्री अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह प्रदान करते अधिकारीगण।